विषय:- म.प्र. राज्य मण्डी बोर्ड सेवा में सचिव 'स' संवर्ग के निःशक्तजनो की सीधी भर्ती के लिये वॉक इन इन्टरव्यू/काउन्सलिंग में आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन हेतु समक्ष में उपस्थित होने की सूचना।

म.प्र. राज्य मण्डी बोर्ड सेवा के सचिव 'स' संवर्ग के निःशक्तजनो के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से दिनांक 03.09.2024 से 27.09.2024 तक आवेदन जमा कराये गए थे। उक्त सचिव 'स' संवर्ग के निःशक्तजनो के रिक्त 03 पद जिसमे 01 पद दृष्टि बाधित और कम दृष्टि, 01 पद बहरे और कम सुनने वाले एवं **01 पद लोकोमोटर डिसेबिलिटी** जिसमे सम्मिलित है, (सेरिब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित मस्कुलर डिस्ट्राफी) में अनारक्षित/आरक्षित/महिला/भूतपूर्व सैनिक आदि वर्गों में एम.पी.ऑनलाइन के द्वारा उपलब्ध करवाई गई मेरिट सूची के आधार पर चयन के लिये वॉक इन इन्टरव्यू/काउन्सलिंग में निम्नानुसार मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाना है:-

अभिलेखों की सूची

1. शैक्षणिक अर्हता
2. भूतपूर्व सैनिक, प्रमाण पत्र (केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए)
3. जाति प्रमाण पत्र (स्थाई)
4. निःशक्तजन प्रमाण पत्र जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी
5. मूल निवासी प्रमाण पत्र
6. अन्य योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र
7. दो फोटो पासपोर्ट साइज़
8. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से स्नातक उपाधि
9. अन्य मूल दस्तावेज जो आपके द्वारा आवेदन फॉर्म में इन्द्राज किये गए हैं

उपर्युक्त पद पर चयन हेतु मूल अभिलेखों को प्रस्तुत करना होगा। कृपया संलग्न प्रपत्र की प्रतिपूर्ति निम्न दस्तावेजों की दो स्व सत्यापित प्रतियों के साथ म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, 26, अरेरा हिल्स, जेल रोड, किसान भवन, भोपाल (म.प्र.) में दिनांक 04.12.2024 को समय प्रातः 11:00 से दोपहर 02:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। सूचना पत्र की प्रति मंडी बोर्ड की बेवसाईट www.mpmandiboard.gov.in पर भी प्रदर्शित की गई है।

प्रबंध संचालक महोदय के अनुमोदन से